मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 84 ■ मंगलवार, 11 जून 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

23 जून को इकबाल से शादी करेंगी सोनाक्षी

## पुलिस ने लाखों के चोरी हुए मोबाइल लौटाए



- शिवाजी नगर पुलिस का सराहनीय कार्य
- 2 लाख 94 हजार के मोबाइल लौटाए

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में शिवाजीनगर पुलिस ने वर्ष 2023 और 2024 के दौरान पुलिस स्टेशन सीमा में नागरिकों के चोरी हुए मोबाइल फोन को बरामद करने में उल्लेखनीय काम किया है। सीआईआर इस पोर्टल में शिकायतकर्ताओं द्वारा चोरी हुए मोबाइल की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। इसकी जानकारी उस इलाके की पुलिस को दी जाती है. इस जानकारी के आधार पर अंबरनाथ शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन के विश्वास दलवी और गायकर ने गुजरात और तमिलनाडु और देश के कई अन्य हिस्सों में अपने अधिकार क्षेत्र से चोरी किए गए कुछ मोबाइल फोन बरामद किए। सहायक पुलिस आयुक्त सुरेश वराडे द्वारा आज नागरिकों को 2 लाख 94 हजार रुपये मूल्य के मोबाइल फोन वापस किये गये. साथ ही शिवाजीनगर पुलिस चोरी गए बाकी मोबाइल फोन की तलाश कर रही है. साथ ही मोबाइल फोन चोरी होने पर नागरिकों को अपनी जानकारी के साथ साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज करानी चाहिए, जिससे पुलिस को चोरी हुए मोबाइल फोन का पता लगाने में मदद मिलेगी.

# ठाणे जिले में बढ़ी गांजा तस्करी

- नशे की चपेट में युवा पीढ़ी
- युवा बने गांजा तस्कर



**कल्याण.** मुंबई और ठाणे में गांजा तस्करी का गोरखधंधा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है. छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश आदि राज्यों में उगाया जाने वाला यह गांजा रेल और राजमार्ग द्वारा तस्करी कर कल्याण, मुंब्रा और भिवंडी तीन स्थानों पर लाया जाता है। इसके बाद इस गांजा को मुंबई-ठाणे में ड्रग पेडलर्स और रिटेलर्स तक पहुंचाया जाता है। खास तौर पर भिवंडी में गांजा और भांग को आयुर्वेदिक दवा के नाम से रैपर में गोली के रूप में पैक किया जाता है. इसके बाद ये सारा सामान शहर भर में पान टपरी और अन्य विक्रेताओं के पास पहुंचाया जाता है. तस्करी का ये तरीका सालों से चल रहा है और इसी से मुंबई-ठाणे महानगर तक ड्रग्स पहुंचती है.

कुछ महीने पहले, ठाणे एंटी-नारकोटिक्स सेल ने ठाणे में एक वाहन से तस्करी किए जा रहे गांजा को जब्त करने के लिए एक अभियान चलाया था। तभी ठाणे पुलिस के एंटी नारकोटिक्स सेल के अधिकारियों को सूचना मिली कि नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप हैदराबाद से नवी मुंबई के रास्ते ठाणे आ रही है. तदनुसार, ठाणे वाशी मार्ग पर विटावा में एक स्वेप्ट कार से लगभग 150 किलोग्राम गांजा स्टॉक जब्त किया गया था। यह गांजा हैदराबाद से ठाणे आ रहा था। इस मामले में पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया था. कनिसा मुंब्रा, अमृतनगर की रहने वाली है और ड्रग्स बेचती है। इसी दौरान तेलंगाना राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में इस गांजे की फसल की कटाई की गई और हैदराबाद पुलिस की जांच में इसकी तस्करी की बात सामने आई। आगे की जांच में पुलिस को जानकारी मिली कि गांजा तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क संचालित हो रहा है. छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश राज्यों में उगाया जाता है



## आयुर्वेदिक दवा के नाम पर बिक रहा गांजा





भिवंडी, कल्याण, मुंब्रा इलाके में स्थित गोदामों में माल उतारा जाता है और यहीं पैक किया जाता है। विशेष रूप से ओपिंग और गांजा पाउडर आयुर्वेदिक पाचक चूर्ण नाम से छपे पाउच में बेचा जाता है, जबकि चरस और भांग की गोलियां पाचक मनुका, आयुर्वेदिक सरदर्द की गोली लिखे रैपर में बेची जाती है। इन दवाओं की बिक्री की वितरण प्रणाली इतनी मजबूत है कि ये दवाएं किसी भी चौराहे पर बार के बाहर लगे स्टालों पर आसानी से बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। आयुर्वेदिक दवा के नाम पर गांजा, भांग, चरस आदि नशीले पदार्थ पाउच में बेचे जाते हैं। फिलहाल यही पाउच मुंबई और ठाणे में बड़ी संख्या में बिक रहे हैं.

## बदलापुर डैम में डूबा युवक

- पिकनिक मनाने मुंबई से आए थे युवा
- दो को बचाया खुद को नहीं बचा पाया

**बदलापुर.** बदलापुर में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है जहां डूबते हुए दो बच्चों को बचाने के बाद एक 17 वर्षीय लड़का बेरेज बांध में डूब गया। इस युवक का नाम अनुज गोसावी है और वह मुंबई के परेल में रहता है। बदलापुर के बैरज बांध इलाके में कई युवा पिकनिक मनाने आते हैं. उस समय कई युवा यहां के पानी में तैरने का आनंद लेते हैं। मुंबई के परेल का रहने वाला 17 साल का युवक अनुज गोसावी भी रविवार को अपने दोस्तों के साथ यहां आया था। दोपहर 1 बजे वहां आये युवकों की टोली में से दो लोग पानी में तैरने के दौरान डूब गये. अनुज उन्हें बचाने के लिए पानी में कूद गया और दोनों को बाहर खींच लिया। हालांकि दूसरे युवक को बाहर निकालने के दौरान वह खुद भी डूब गया. इसकी सूचना मिलते ही दमकल कर्मी और पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे. फायर ऑफिसर भागवत सोनोने ने बताया कि करीब तीन घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाने के बाद फायर ब्रिगेड के हाथ इस युवक का शव लगा.

## नाली सफाई का काम तेजी से पूरा करें



- उल्हासनगर मनपा आयुक्त शेख का ठेकेदारों को आदेश

**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त अजीज शेख ने उल्हासनगर महानगर पालिका की सीमा के भीतर शहर के बड़े और छोटे नालों का निरीक्षण किया है और ठेकेदारों को मानसून से पहले नालों की सफाई का काम जल्दी पूरा करने का आदेश दिया है.

मनपा आयुक्त अजीज शेख ने मानसून से पहले शहर के प्रमुख नालों का खुद निरीक्षण कर समीक्षा की. इस समय खेमानी नाला, उल्हासनगर-2, डी.टी. कालानी कॉलेज के पास, उल्हासनगर-1, न्यू टेलीफोन एक्सचेंज के पास, उल्हासनगर-2, खन्ना कंपाउंड, उल्हासनगर-3, कामगार अस्पताल के पास, उल्हासनगर-2, सी.एच.एम. उल्हासनगर-3, कॉलेज के पास नालों का निरीक्षण किया गया। मनपा आयुक्त ने संबंधित ठेकेदारों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित विभागाध्यक्षों एवं स्वच्छता निरीक्षकों को नाला सफाई कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये.

उन्होंने बताया कि बड़े नालों के साथ छोटे नालों के कार्य जारी है और इसे शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मनपा आयुक्त सहित अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, मुख्य बाजार निरीक्षक विनोद केणे, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक एकनाथ पवार, संबंधित ठेकेदार और उनके प्रतिनिधि तथा संबंधित स्वच्छता निरीक्षक और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## घूमने के लिए गए यूरोप, घर में चोरों ने किया हाथ साफ

**कल्याण.** परिवार सहित सैर-सपाटे के लिए यूरोप गए सुनील पाटणकर नामक व्यक्ति के घर की खिड़की तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखो रुपए का आभूषण और नकदी चुरा ले गए। यह घटना 8 से 9 जून के बीच की है। वक्रतुंड निवास, मिलापनगर एमआईडीसी डोंबिवली के रहने वाले सुनील मधुकर पाटणकर इन दिनों यूरोप में हैं। पिछले सप्ताह वह परिवार-बच्चों के साथ सैर-सपाटे के लिए यूरोप निकले थे। इस दौरान 8 से 9 जून के बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसे, और अलमारी में रखे 5 लाख 45 हजार के आभूषण और नकदी चुराकर चंपत हो गए। इस घटना की सूचना उन्हें पुलिस ने दी। पाटणकर के रिश्तेदार राजेंद्र देवराम चौधरी की शिकायत पर मानपाड़ा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

## शिवाजी नगर पुलिस ने बड़ी चोरी का किया पर्दाफाश

### मुंब्रा, अंबरनाथ, धारावी, ठाणे, नवी मुंबई, भिवंडी से 12 चोरों को किया गिरफ्तार

- 29 लाख रुपए का सामान बरामद





**अंबरनाथ.** शिवाजी नगर पुलिस ने मुंब्रा, अंबरनाथ, धारावी, ठाणे, नवी मुंबई, भिवंडी से 12 चोरों की टोली को पकड़ा है, जिन्होंने 25 लाख रुपए का अल्युमिनियम वायर शहर पूर्व से चोरी किए थे. चोरी के लिए प्रयोग किए गए 4 वाहनों को भी जब्त किया गया है. इस तरह कुल 29 लाख 64 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है. ऐसी जानकारी शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में हुई पत्रकार परिषद में पुलिस उपायुक्त सुधाकर पाठारे ने दी. उस समय एसीपी सुरेश व-हाडे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत आदि उपस्थित थे. इन चोरों को 24 घंटे के भीतर पकड़ने पर पुलिस कर्मियों को पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त की तरफ से इनाम देने की घोषणा हुई है. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत और उनकी टीम ने बहुत ही चतुराई से चोरों को पकड़ा है. केईसी इंटरनेशनल लि. कंपनी में कार्यरत विभू कल्याण दास के अनुसार 27 और 28 मई के बीच 25 लाख रुपयों के अल्युमिनियम लोहा मिक्स वायर जो कि एक टॉवर से दूसरे टॉवर को जोड़ने के लिए जमीन पर फैला कर रखे गए थे. अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए हैं. ऐसी शिकायत पुलिस में पंजीकृत कराने के बाद पुलिस हरकत में आ गई. सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी जांच के बाद 24 घंटे के भीतर चोरों को गिरफ्तार करके तार और चार वाहनों को जब्त करके 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

चोरों के नाम इस प्रकार हैं - सरोज कुमार जैस्वार (48) धारावी, गणेश पटेल (32) नवी मुंबई, अरुण सिंह (23) अंबरनाथ पूर्व, आकाश मिना (21) अंबरनाथ, समीर खान (20) अंबरनाथ, विकास म्हात्रे, परवेज आलम खान (30) मुंब्रा, शिवकरण गुप्ता (50) ठाणे, रामलाल पटेल (47) ठाणे, कादर खान (28) भिवंडी और सद्दाम अली (32) भिवंडी हैं. गिरफ्तार आरोपियों ने ऐसी और कितनी चोरियां की हैं, उनको रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है.

## केबी सड़क पर फिर भर रहा नाले का पानी

- सामाजिक संस्था बिल्डरों के खिलाफ निकालेंगी मोर्चा
- कौन खरीदेगा करोड़ों की दुकानें?
- बिल्डरों ने किया नाले को बंद

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता





**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में गत दो दिनों से रात के समय हो रही बारिश के कारण विमको नाका एवं लुधियाना कंपनी के पास केबी मुख्य महामार्ग पर नाले का पानी नदी की तरह बह रहा है. नगर परिषद प्रशासन कुछ नहीं कर रही है. केबी सड़क के आसपास पुरानी कंपनियों को खरीद कर कुछ बिल्डर शॉपिंग सेंटर बना रहे हैं. इन बिल्डरों ने मुख्य नाले को बंद करके उस पर करोड़ों रुपयों का शॉपिंग सेंटर बना दिया है. केमिक्वीप कंपनी का भी नाला बंद करके सड़क की ओर छोटा सा गटर बनाने का काम चल रहा है. अब इस मुख्य नाले में शहर का पानी जाने के लिए रास्ता ही नहीं है. जिसके कारण नाले का पानी केबी सड़क पर आ रहा है. जिससे वाहनों एवं पैदल चलनेवालों को भारी परेशानी हो रही है. नपा प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है. इसलिए अब शहर के कुछ सामाजिक संस्थाओं ने नाला बंद करनेवाले बिल्डरों के विरुद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है. एक बिल्डर ने तो अपने शॉप बिकने के लिए सड़क के आसपास लाइट लगाकर लाखों रुपए खर्च किया है. क्या ये सभी बिल्डर इस नाले पर लाखों रुपए खर्च करके उसे चौड़ा नहीं कर सकते. बारिश में नाले का पानी केबी रोड और उनके बिकने वाले शॉप के आसपास एकत्रित होगा तो उनकी दुकानें कौन खरीदेगा? लोग अब ये सोच रहे हैं कि यहां के शॉप ना खरीदे जाएं क्योंकि यहां बारिश में नाले का गंदा पानी जमा होता है.

### उल्हास विद्यालय संस्था के चुनाव संपन्न

## उल्हास विकास पैनल ने मारी बाजी

- उल्हास उन्नति पैनल चारों खाने चित

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैम्प-4 के मराठा सेक्शन में स्थित उल्हास विद्यालय के चुनाव संपन्न हुए. इस चुनाव में उल्हास विकास पैनल ने विजय प्राप्त करते हुए चुनाव में खड़े सबी 15 सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए. वहीं दूसरी तरफ उल्हास उन्नति पैनल के सभी सदस्य पराजित घोषित किए गए.

सिंध महाराष्ट्रीय समाज (रजि.) की स्थापना 1980 में हुई थी. उल्हास विद्यालय को खड़ा करने में संस्थापक रघुनाथ राणे ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी. संस्थापक शिक्षिका मीराबाई पाटकर, दत्तात्रय पोइपकर, जनार्दन जाधव, घनश्याम बानोडकर आदि ने भी अपना-अपना योगदान दिया था. स्थानीय लोगों के अनुसार यहां के आपसी मतभेद के चलते इस विद्यालय की प्रगति नहीं हो पाई है. इस विद्यालय के बाद अस्तित्व में आए विद्यालय आज कहां से कहां पहुंच गए हैं. पैनल उल्हास विकास की तरफ सभी की आशाएं लगी हुई हैं.

### ठाणे जिले में अर्भक एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए विशेष

## दस्त नियंत्रण पखवाड़ा



**ठाणे.** जिले में अर्भक एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से ठाणे जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष दस्त नियंत्रण पखवाड़ा चलाया गया है. यह अभियान 21 जून तक जारी रहेगा. यह पखवाड़ा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

देश में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत का प्रमुख कारण डायरिया है. 5 से 7 प्रतिशत बच्चों की मौत डायरिया के कारण होती है। गर्मी और मानसून में शिशु मृत्यु दर अधिक होती है। ठाणे जिले की संपूर्ण स्वास्थ्य प्रणाली डायरिया से होने वाली बाल मृत्यु को शून्य करने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर अशोक शिनगारे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी छाया शिसोदे के मार्गदर्शन में किया गया. उक्त जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे ने दी.

जिला परिषद के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में डायरिया के इलाज के लिए बाह्य रोगी विभाग एवं अंतःरोगी विभाग में ओआरएस एवं जिंक कॉर्नर की स्थापना की जाएगी तथा इस कॉर्नर में ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम जिला मातृ एवं शिशु देखभाल अधिकारी डॉ. स्वाति पाटिल के तकनीकी मार्गदर्शन में किया जाएगा और जिला स्तरीय पर्यवेक्षण भी उनके द्वारा किया जाएगा। ऐसी जानकारी डॉ. पारगे ने दी. जिले में 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 190 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 190 उपकेंद्र हैं, जिनमें 0 से 5 वर्ष की आयु वर्ग की 52 हजार 173 की आबादी है। कुल 1 हजार 305 आशा स्वयंसेवक घर-घर जाकर जांच करेंगी। डोर सर्वे और सेवाएं प्रदान करने पर स्वास्थ्य विभाग का विशेष ध्यान रहेगा। विशेष मलिन बस्तियों, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, उप-केंद्रों जहां स्वास्थ्य कार्यकर्ता काम नहीं कर रहे हैं, खानाबदोश जनजातियों, ईंट भट्ठा श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों, बेघर बच्चों और आशा क्षेत्रों और पिछले दो वर्षों में डायरिया से प्रभावित और संक्रमित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## उल्हासनगर रोड के गड्ढे तुरंत भरे जाएं

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में हर साल सड़कों पर गिरे पत्थरों के कारण दुर्घटनाएं होती हैं और जानमाल की हानि भी होती है. महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का कहना है कि प्रशासन को अपनी गलतियों से सीख लेनी चाहिए और इस साल लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए. इस संबंध में एक ज्ञापन महाराष्ट्र नवनिर्माण परिवहन सेना ने मनपा को दिया है.

मनसे ने ज्ञापन में कहा है कि शहर की सड़कों पर बने गड्ढों को तुरंत भरा जाना चाहिए, शहर की मुख्य सड़कों और उन जगहों पर जहां सड़क का काम चल रहा है, आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए, अन्यथा किसी भी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता. साथ ही इसके लिए मनपा प्रशासन पूरी तरह से जिम्मेदार होगा। मनसे प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में जल आपूर्ति विभाग के प्रभारी कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बडगे को एक लिखित बयान दिया है।

## अंबरनाथवासियों का गुस्सा आसमान पर

- लाइट, पानी नहीं मिल रहा
- जगह-जगह कचरे का ढेर
- कोई सुनवाई नहीं, जाएं तो कहां जाएं

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहरवासियों की परेशानी नपा प्रशासन, जलापूर्ति विभाग एवं विद्युत विभाग से दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है. इन तीनों विभाग ने शहरवासियों का जीना हराम कर रखा है. शहर पश्चिम के कई परिसर में दो से तीन दिन तक लोगों को पानी नहीं मिल रहा है. दूसरी ओर विद्युत विभाग द्वारा इस गरमी में बार-बार बिजली बंद कर रहा है. विभाग में फोन करो तो कोई सही उत्तर देने को तैयार नहीं है. रविवार रात को हुई बारिश के बाद सोमवार शाम तक लगभग 10 बार बिजली ने आंखमिचौली का खेल खेला है. बिजली विभाग का अगर 10 दिन बिल लेट भरा गया तो लाइट कट करने विभाग के कर्मचारी आ जाते हैं. बिल भरने के लिए उपभोक्ता को बार-बार फोन करके परेशान किया जाता है. लेकिन लाइन जाने के बाद विभाग के अधिकारी-कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते. ऐसी मनमानी विभाग की ओर से किया जा रहा है. ऐसा आरोप उलन चाल निवासी शमा इकबाल शेख ने लगाते हुए बताया कि पूरे परिसर में गत कई दिनों से लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं. जलापूर्ति विभाग में बिल्कुल भी सुनवाई नहीं है. करें तो क्या करें? कोई नेता भी शहरवासियों की सहायता के लिए आगे नहीं आ रहा है. शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर जमा है. घंटा गाड़ी कई दिनों से आई नहीं है. इस तरह घर पट्टी टैक्स, पानी बिल, लाइट बिल भरने के बाद भी ये सरकारी अधिकारी सेवाएं बराबर नहीं दे रहे हैं. किसी दिन लोगों का गुस्सा फूटेगा तो इन तीनों विभाग को भारी पड़ सकता है.

## हाजीमलंग पहाड़ी पर भूस्खलन, घर ढहने से 1 की मौत

- JNPT-बड़ौदा हाईवे पर ब्लास्टिंग से हो रहा कंपन
- बेटे की जान बचाते पिता ने जान गंवाई
- घटना में पत्नी घायल, अस्पताल में भर्ती



**कल्याण.** हाजीमलंग पहाड़ी के पीछे कुछ दिन पहले जब जेएनपीटी-बड़ौदा हाईवे का काम चल रहा था. तो ब्लास्टिंग हो रही थी जिससे पहाड़ी में कंपन हो रहा था और भूस्खलन का डर स्थानीय लोगों को था इसके नतीजन आज भूस्खलन होने से गुलाम सैयद का घर गिर गया जिसमें गुलाम को अपनी जान गंवानी पड़ी। गुलाम सैयद अपनी पत्नी और डेढ़ साल के बेटे के साथ अंबरनाथ तालुका के हाजीमलंग पहाड़ी पर पहली दरगाह पर अपने परिवार के साथ रहते थे। जब ये तीनों अपने घर में सो रहे थे, तभी सोमवार सुबह करीब 7.30 बजे गुलाम सैयद के घर में दरार आ गई और दीवार ढह गई जिससे गुलाम सैयद के डेढ़ साल के बेटे की जान बच गई, लेकिन गुलाम अपने बेटे की जान बचाते अपनी जान नहीं बचा पाए। इस घटना में गुलाम सैयद की पत्नी नबिया गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही हिललाइन पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो। फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता। – महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास

## संपादकीय

### एनटीए की साख पर सवाल

एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए सवालों के घेरे में है। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा यानी नीट के नतीजों में भारी गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में इस मामले की जांच कराने की मांग की है। भारतीय चिकित्सकों के संगठन ने भी सीबाआइ से इसकी जांच की मांग उठाई है। मगर एनटीए का कहना है कि परीक्षा में कोई धांधली नहीं हुई है। केवल छह केंद्रों पर प्रश्नपत्र कुछ देर से बांटे जा सके थे। केवल सोलह सौ अभ्यर्थियों की शिकायत है, उसका समाधान किया जा रहा है। पंद्रह सौ विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए थे, उनकी पुस्तिकाओं की जांच के लिए एक समिति गठित कर दी गई है। मगर एनटीए की इस दलील से नीट के नतीजों पर कितना भरोसा बन पाएगा, कहना मुश्किल है। आरोप है कि उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में धांधली हुई है। हर वर्ष तीन से चार विद्यार्थी ही पहले स्थान पर पहुंच पाते थे, इस बार सड़सठ विद्यार्थियों को पहला स्थान मिला है। छह विद्यार्थियों को बराबर-बराबर अंक मिले हैं। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर गड़बड़ी की शिकायत नई नहीं है, मगर यह एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षा में भी देखी जा रही है, तो निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है। एनटीए का गठन ही इस मकससद से किया गया था कि प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा। इस परीक्षा में चूंकि लाखों परीक्षार्थियों को कंप्यूटर के माध्यम से जोड़ा जाता और एक ही समय सबको पर्चे जारी किए जाते हैं, इसलिए उसमें पर्चे बाहर जाने की गुंजाइश नहीं रहती। इतना चाक-चौबंद होने के बावजूद अगर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं, तो इससे एनटीए की विश्वसनीयता पर ही सवाल खड़े होते हैं। एनटीए की तरफ से गठित समिति की जांच से शायद ही असलियत पता चल सकेगी। ऐसे गंभीर मामले को ढंकने-छिपाने की कोशिशों के बजाय निष्पक्ष जांच कराने का कोई भरोसेमंद रास्ता निकाला जाना चाहिए, ताकि लोगों को एजंसी की परीक्षा प्रणाली पर भरोसा कायम हो सके।

# विकसित भारत के लिए जरूरी है प्रतिबद्धता

भारत के संसदीय चुनाव-2024 का परिणाम आ चुका है। एक बार फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, जिसे सामान्यतः राजग कहा जाता है, ने बहुमत प्राप्त कर सरकार बना ली है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। भारतीय जनतांत्रिक इतिहास में यह दूसरी घटना है। इसके पूर्व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था।

चुनाव परिणामों पर काफी समीक्षा हो चुकी है। अब तक शायद ही किसी के पास कुछ नया कहने के लिए बचा हो। लेकिन इतना तो तय है कि यह चुनाव अनेक आश्चर्यों का चुनाव रहा। पहला आश्चर्य तो यह कि जिन दक्षिण भारतीय राज्यों का दरवाजा भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक सफलता के लिए बंद था, या यों कहें कि जहां की जमीन भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के लिए माकूल नहीं मानी जाती थी, इस चुनाव परिणाम ने उन राज्यों, यथा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना को भाजपा के लिए नई संभावनाओं का प्रदेश बना दिया है। दूसरा आश्चर्य यह देखने में आया कि ओडिशा, जहां राजनीतिक विचारक बीजू जनता दल (बीजद) के नेता नवीन पटनायक के जादू को उनके जीवित रहने तक समाप्त होता नहीं देख रहे थे, वहां भाजपा ने अपनी महान सफलता दर्ज की। इसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति ओडिशा की जनता में बढ़ता आकर्षण ही है। प्रधानमंत्री मोदी और ओडिशा के प्रभावी नेता धर्मेंद्र प्रधान ने पूरे चुनाव अभियान में



'उड़िया अस्मिता' के प्रश्न को एक 'लोकप्रिय जन प्रश्न' में बदल दिया। इस लोकप्रिय अभियान ने ओडिशा की राजनीति के पूरे परिदृश्य को ही बदल कर रख दिया। इस चुनाव परिणाम ने यह भी बताया कि विकास का मोदी मॉडल, नवीन मॉडल पर प्रभावी रहा। ओडिशा के युवाओं में नए डिजिटल भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है।

तीसरा आश्चर्य यह रहा कि जहां उत्तर प्रदेश के आस-पास के हिंदी प्रदेशों, यथा मध्य प्रदेश, बिहार में भाजपा और राजग ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं उत्तर प्रदेश में इसका प्रदर्शन प्रभावी नहीं रहा।

'इंडिया' गठबंधन ने आरक्षण, संविधान इत्यादि के खतरे पर आधारित जो वृत्तांत तैयार किया, उसने उत्तर प्रदेश में जातीय गोलबंदी की जमीन तैयार की। कई राजनीतिक विश्लेषक यह मानते हैं कि यह ऐसी जातीय गोलबंदी की राजनीति थी, जिसने पिछड़े-अति पिछड़े एवं दलितों के एक हिस्से को समाजवादी पार्टी या 'इंडिया' गठबंधन की तरह गोलबंद होने का आधार तैयार किया। ऐसे विश्लेषकों का मानना है कि इस प्रकार की जातीय गोलबंदी ने ही उत्तर प्रदेश में हिंदुत्व के वृहत वृत्तांत को तोड़कर जातियों के अस्मितापरक वृत्तांत को शक्तिवान बनाया। अब प्रश्न यह उठता है कि अगर ऐसा है, तो यह पैटर्न मंडल राजनीति से गहरे रूप से प्रभावित बिहार या उत्तर प्रदेश से सटे मध्य प्रदेश में क्यों सफल होता नहीं दिखाई पड़ा? इस प्रश्न के उत्तर में यह कहा जा सकता है कि बिहार में भाजपा और राजग गठबंधन के पास अनेक पिछड़े एवं दलित प्रभावी चेहरों का एक कोलाज मौजूद था, जिसमें नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी, जीतन राम मांझी, चिराग पासवान जैसे नेता शामिल हैं। नीतीश कुमार का गैर-यादव, पिछड़े समूहों, महादलित सामाजिक समूहों में अपना प्रभाव तो है ही, अगड़े वोटों के एक हिस्से पर भी उनका अच्छा असर है। वहीं जीतन राम मांझी के कारण मुसहर, जो बिहार में एक बड़ी 'महादलित जातीय समूह' है, राजग की तरफ बड़े पैमाने पर झुकी। चिराग पासवान के कारण संख्या बल में बिहार की सबसे बड़ी दलित जाति दुसाध या पासवान की गोलबंदी राजग के पक्ष में हुई। इसलिए बिहार में 'इंडिया' गठबंधन के भयदोहन पर आधारित गोलबंदी के वृत्तांत पिछड़ों एवं दलितों में प्रभावी नहीं हो सके। मध्य प्रदेश में कांग्रेस संगठन की कमजोरी, उसमें प्रभावी नेताओं का अभाव इत्यादि के कारण 'इंडिया' गठबंधन की जातीय अस्मिता आधारित गोलबंदी की राजनीति सफल नहीं हो सकी। वहीं दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश में भाजपा के पास पिछड़े एवं अति पिछड़े समूहों से जुड़े अनेक नेता मौजूद हैं। शिवराज सिंह चौहान, मोहन यादव, प्रह्लाद सिंह पटेल आदि अनेक पिछड़े, अति पिछड़े चेहरों ने वहां कांग्रेस एवं 'इंडिया' गठबंधन के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) की राजनीति को इस चुनाव में कमजोर बना दिया।



समय हमारी सबसे कीमती वस्तु है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# गठबंधन सरकार से उम्मीदें और चुनौतियां

नई सरकार ने शपथ ले ली है। नई उम्मीदें हैं और चुनौतियां भी बेशुमार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली दो सरकारों में भाजपा अकेले बहुमत के पार थी। इस बार जबकि राजग लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है, भाजपा की घटक दलों पर निर्भरता है, उनके साथ तालमेल बनाकर चलने की चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना तीसरा कार्यकाल समझौतावादी जनादेश के साथ शुरू किया है। नतीजतन, मोदी के 72 सदस्यीय नए मंत्रिमंडल में भाजपा के सहयोगियों के 11 मंत्री हैं। साथ ही, देश को मजबूत विपक्ष मिला है। नीतियों को लागू कराने के दौरान सरकार को विपक्ष को साथ लेकर चलना होगा। मजबूत विपक्ष सामने है। इससे विपक्ष और असहमति जताने वाली आवाजों को कुछ राहत मिलेगी। सत्ता और विपक्ष – दोनों के लिए आगे का रास्ता अवसरवादी जोड़-तोड़ की राजनीति नहीं, बल्कि आम लोगों की उम्मीदों और संघर्षों में निहित राजनीति होनी चाहिए। इस स्थिति ने संयमित प्रशासन की उम्मीद जगाई है।

राज्यों में प्रभावी दलों के साथ सत्ता साझा करने से मोल-भाव की गुंजाइश बढ़ जाती है। लेकिन देश के सामने मोदी की सत्ता की मूल प्रकृति सामने है, जो फैसलों में दृढ़ संकल्प वाली है। गठबंधन धर्म इस प्रकृति को लेकर एक गहन विश्लेषण की मांग करेगा। गठबंधन सहयोगियों की राज्य स्तरीय राजनीति के नजरिए से देखा जाए तो कम से कम अगले चरण के विधानसभा चुनावों तक तस्वीर मोदी के पक्ष में है। तेलगुदेसम पार्टी अपने राज्य में आराम से बैठी है। जद (एकी) को अगले साल विधानसभा चुनावों तक सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा की जरूरत है।



लोजपा के चिराग पासवान और फिर से उभर रहे राजद की चुनौती सामने है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे भाजपा के दम पर मुख्यमंत्री बने हुए हैं। जद (सेकु), रालोद और राकांपा जैसे अन्य गठबंधन सहयोगी अपने फायदे के लिए सौदेबाजी से परे कोई प्रभाव नहीं डाल सकते।

देश में बीते तीन दशकों के आर्थिक उदारीकरण के दौर में लोगों की आकांक्षाओं में वृद्धि हुई है। बीते 10 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यक्रमों ने इस वास्तविकता को स्वीकार किया है। विकसित भारत का नारा लोगों के सामने है। लेकिन यह हकीकत भी है कि बुनियादी ढांचे के निर्माण, नए रोजगार पैदा करने, कौशल विकास और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर करने जैसे काम अभी शुरू ही हुए हैं। कई मोर्चों पर नीतियां अभी तय हुई हैं। जाहिर है, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां बड़ी हैं। सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था के अधिकांश बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेजी से बढ़ने की बात रखी है। इसका चिंताजनक पहलू यह भी है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था अन्य क्षेत्रों में विकास के साथ कदम मिलाकर नहीं चल पा रही है। मनरेगा योजनाओं पर निर्भरता भी बढ़ी है। स्पष्ट है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सेहत को बहाल करना ही होगा और बुनियादी स्तर पर ही बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। जाहिर है, जनप्रतिनिधियों को चुन कर संसद में भेजने वाला मतदाता उम्मीद करेगा कि लोकतांत्रिक ढांचे में सभी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। बिना किसी राग और द्वेष, भय एवं पक्षपात के।

# आत्मा से आई आवाज़, खरीद ले लॉटरी, बन गया करोड़पति!

### जरा हट के

अपनी ज़िंदगी में पैसे भला कौन नहीं कमाना चाहता. कुछ लोगों को ये आसानी से मिल जाते हैं तो कुछ लोगों को इसके लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है. बिना मेहनत के दौलत का मिल जाना तो भाग्य की बात है. वैसे कुछ लोगों की किस्मत इतनी ज़बरदस्त होती है कि उनके सारे दांव सही पड़ जाते हैं. चलिए ऐसे ही शख्स की कहानी हम आपको बताते हैं.

जितनी दौलत कमाने में लोगों को पूरी-पूरी ज़िंदगी लग जाती है, उतनी इस शख्स को खड़े-खड़े ही मिल गई. अब उसके पास इतने पैसे आ गए हैं कि उसे कुछ करने की ज़रूरत ही नहीं है. इस शख्स का नाम तो नहीं बताया गया है लेकिन वो अमेरिका का रहने वाला है. उसकी किस्मत इस तरह मेहरबान हुई कि उसने जिस चीज़ पर हाथ रखा, वो उसके लिए लकी साबित हुई.

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के



मुताबिक साउथ कैरोलिना के ब्लफटन में रहने वाले एक शख्स की लॉटरी लग गई. South Carolina Educational Lottery की वेबसाइट के मुताबिक वो कोई रोज़ाना लॉटरी खरीदने वाला शख्स नहीं था. उस दिन गैस स्टेशन जाते हुए उसने स्टैक्स ऑफ कैश गेम के तहत एक स्क्रैच ऑफ गेम खेला. शख्स का कहना है कि उसे टिकट को लेकर अच्छा महसूस हो रहा था, उसे लग रहा था कि कुछ अच्छा होगा. ऐसे में उसने महज 10 डॉलर यानि 835 रुपये लॉटरी खरीद ली.

शख्स के अंतरआत्मा की आवाज़ बिल्कुल सही थी और उसने इस गेम में टॉप प्राइज़ $300,000 यानि 2,50,48,110 रुपये जीते. उसे भरोसा ही नहीं हुआ और वो आधे दिन की छुट्टी लेकर घर चला गया. उसने अपनी जीत से मिले पैसों से अपने कर्ज़े चुकाए और एक बेहतर ज़िंदगी जी रहा है. इससे पहले भी डेवसन एल्व्स मार्टिंस ने इसी साल जनवरी में एक स्क्रैच कार्ड खरीदा था, जिस पर उसे लगभग 50 हज़ार रुपये का इनाम मिल गया था. उसने उसी स्टोर से महज 50 डॉलर यानि करीब 40 हज़ार रुपये का एक स्क्रैचकार्ड खरीदा, जिस पर उसे इस बार 1 मिलियन डॉलर यानि 8.24 करोड़ का इनाम मिल गया.

# अरबी के पत्तों की आलूवड़ी




शाम को लगने वाली हल्की-फुल्की भूख में अक्सर जब मन पकौड़े खाने का होता है, तो अक्सर लोग आलू, प्याज, पालक या पनीर के बारे में ही सोचते हैं। ऐसे में, आज हम आपको अरबी के पत्तों के पकौड़े बनाना सिखाएंगे, जो गर्मागर्म चाय का मजा भी दोगुना कर सकते हैं।

**सामग्री :**

- अरबी के पत्ते- 8-10
- बेसन- 1 कप
- लहसुन का पेस्ट- 1 चम्मच
- हल्दी पाउडर- 1/2 चम्मच
- धनिया पाउडर- 1/2 चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर- 1/2 चम्मच
- अमचूर पाउडर- 1 चम्मच
- नींबू का रस- थोड़ा सा
- नमक- स्वादानुसार
- तेल- जरूरत के अनुसार

**विधि :**

अरबी के पत्तों के पकौड़े बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में बेसन और सारे मसालें डालें। फिर इसमें जरूरत के मुताबिक पानी डालें और अच्छी तरह से मिलाकर पकौड़े का घोल तैयार कर लें। अब इसमें कटे हुए अरबी के पत्ते डालें और अच्छे से मिला लें। इसके बाद एक कढ़ाई में तेल डालकर मीडियम हीट पर गर्म करें। फिर इसमें तैयार पेस्ट डालकर नॉर्मल प्याज के पकौड़े की तरह डीप फ्राई कर लें। बस तैयार हैं आपके क्रिस्पी अरबी के पत्तों के पकौड़े। इन्हें चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।



# शक्तिशाली गुणों से भरा है महुआ

हमारे आसपास तमाम ऐसे पेड़-पौधे मौजूद है, जो सेहत के लिए औषधि का काम करते हैं. लेकिन, जानकारी न होने से हम लाभ नहीं ले पाते हैं. महुआ ऐसे ही करामाती पौधों में से एक है. इसे अंग्रेजी में मधुका लॉन्गीफोलिया (Madhuca longifolia) के नाम से जाना जाता है. जी हां, महुआ का पेड़ कभी शराब बनाने के लिए जाना जाता था, लेकिन आयुर्वेद इसे दवाओं में यूज कर रहा है. इसके पत्तों से लेकर बीजों तक इसमें अनेक स्वास्थ्यवर्धक तत्व पाए जाते हैं. महुआ के पत्ते, टहनी, फूल और फलों का इस्तेमाल अलग-अलग प्रकार की आयुर्वेदिक दवाएं बनाने के लिए किया जाता है. यह डायबिटीज और हड्डियों से जुड़ी कई समस्याओं में महुआ का सेवन फायदेमंद है. इसके कई और फायदों के बारे में News18 को बता रहे हैं राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं



चिकित्सालय लखनऊ के डॉ. सर्वेश कुमार-

इन 6 बीमारियों में जड़ी-बूटी का काम करता है महुआ

**ब्रोंकाइटिस में महुआ दूध:** डॉ. सर्वेश कुमार के मुताबिक, ब्रोंकाइटिस के मरीजों में फेफड़ों में लंबे समय तक सूजन रहती है जिसकी वजह लगातार खांसी आती है. ऐसी स्थिति में महुआ और दूध का सेवन फायदेमंद हो सकता है. इसके लिए महुआ के बीजों को दूध में उबालकर पका लें और फिर इस दूध का सेवन करें. ऐसा करने से फेफड़ों की सूजन को कम करने में मदद मिलेगी.

**गठिया में महुआ शराब:** गठिया की समस्या में जोड़ों में सूजन और हड्डियों में तेज दर्द होता है. इससे निजात पाने के लिए आप महुआ की शराब गर्म करके अपने जोड़ों की मालिश कर सकते हैं. दरअसल, ये शराब एंटीइंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होती है, जोकि जोड़ों के दर्द को कम कर सकती है.

**नसों की कमजोरी में महुआ तेल:** नसों की कमजोरी में दवाइयों के साथ नसों में ब्लड सर्कुलेशन को तेज करना भी जरूरी है. इस काम में महुआ का तेल आपके लिए तेजी से काम कर सकता है. आपको करना ये है कि महुआ का तेल गर्म करें और इससे अपने पूरे शरीर की मालिश करें. इससे ब्लड सर्कुलेशन तेज होगा और आप आराम महसूस करेंगे.

**पेप्टिक अल्सर ठीक करे:** महुआ का फूल खाने से पेप्टिक



अल्सर की समस्या में कमी आ सकती है. दरअसल, ये फूल आपके पेट की लाइनिंग में एसिड बाइल जूस प्रोडक्शन को कंट्रोल करने और इसे संतुलित करने में मदद कर सकता है. इसकी वजह से पेट के अंदरूनी घाव ठीक हो जाते हैं और डाइजेस्टिव एंजाइम्स का प्रोडक्शन बैलेंस रहता है.

## आज का राशिफल

**मेष :** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**वृषभ :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी।

**मिथुन :** घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कर्क :** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह :** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**कन्या :** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है।

**तुला :** सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। सुख-शांति रहेगी।

**वृश्चिक :** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें।

**धनु :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे।

**मकर :** अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है।

**कुंभ :** मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मीन :** घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पैरों में सूजन को न करें नजरअंदाज

## हार्ट से लेकर लिवर की बीमारी से है कनेक्शन

कई बार हम छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो बाद में हमारे लिए बहुत घातक साबित होती हैं. ऐसा ही मामला है पैरों की सूजन का. हार्टबीट कम होने या हार्ट की फंक्शनिंग में कमी के कारण भी पैरों में सूजन हो सकती है. उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमर उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि पैरों में सूजन कोई बीमारी नहीं है, बल्कि एक लक्षण है. जो किसी बीमारी का संकेत हो सकती है. उन्होंने कहा कि किडनी या हार्ट से जुड़ी किसी भी बीमारी से इसका कनेक्शन हो सकता है. अगर बात करें हृदय की करें, तो हार्ट फेल होने का एक लक्षण पैरों में सूजन आना भी है. इसके अलावा लिवर की बीमारी के चलते भी पैरों में सूजन आ सकती है, वहीं पैरों की नसों की अक्षमता से भी पैर सूज सकते हैं. उन्होंने कहा कि पैरों की सूजन को नजरअंदाज बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह किसी बड़ी बीमारी का संकेत भी हो सकती है.

### खतरनाक हो सकती है पैरों में सूजन

डॉ. अमर उपाध्याय बताते हैं कि आमतौर पर कुछ लोगों को दिन में पैरों में सूजन होती है, लेकिन रात को आराम करने पर सूजन उतर जाती है. सोने पर भी अगर सूजन कम ना हो और चलने-फिरने में दिक्कत हो या फिर पैरों



में अल्सर बनने लगें, तो डॉक्टर से जरूर मिलें. बीमारी का पता लगाएं और इलाज करवाएं.

### हार्ट फेल होने के शुरुआती लक्षण

डॉ. अमर उपाध्याय बताते हैं कि हार्ट फेलियर का अर्थ है दिल का ठीक से काम न कर पाना. इसका शुरुआती लक्षण है सांस फूलना. उन्होंने बताया कि इसकी वजह से फेफड़ों में ब्लड जमा हो सकता है, जिससे सांस फूल सकती है. इसके बाद पैरों में सूजन आ जाती है और पेट फूलता है. सूजन बढ़ती जाती है. उन्होंने बताया कि हमारे हृदय का काम है, शरीर के प्रत्येक अंग को खून पहुंचना. हार्ट फेल होने की स्थिति में वह ऐसा नहीं कर पाता है. कभी-कभी हार्ट का फंक्शन ठीक रहता है, फिर भी हार्ट फेल हो जाता है. दिल की जांच में कारण का पता लगने के बाद उसका मूल्यांकन किया जाता है. कुछ मरीजों को जीवनभर दवाइयां के सहारे जीना पड़ता है, तो कुछ लोगों को बचाया नहीं जा सकता.

# एसी में लगातार बैठने से हो स्किन हो रही ड्राई

## तो इस तरह दे मॉइश्चर, नहीं पड़ेंगी झुर्रियां

गर्मियों में एसी सुकून देती है। लेकिन लगातार घंटों अगर आप एयर कंडीशन में बैठते हैं तो इससे स्किन पर बुरा असर पड़ता है। लगातार एसी का तापमान स्किन को ड्राई कर देता है। जिसकी वजह से चेहरे पर केवल रूखापन ही नहीं दिखता बल्कि और भी कई तरह की दिक्कतें नजर आने लगती है। अगर आप चाहती हैं कि स्किन पर एयरकंडीशन का बुरा असर ना पड़े तो इस होम रेमेडी को जरूर ट्राई कर लें।

### ■ एसी में बैठने से हो सकती है स्किन एजिंग की प्रॉब्लम

लगातार घंटों एसी में बैठने से स्किन ड्राई होना शुरू हो जाती है। जिसकी वजह से स्किन का मॉइश्चर खत्म होने लगता है और इलास्टिसिटी चली जाती है। जिसकी वजह से स्किन पर उम्र से पहले ही फाइन लाइंस और रिंकल्स दिखने लगते हैं। स्किन पर हो रहे इन बुरे प्रभाव को कम करने के लिए जरूरी है कि स्किन को हाइड्रेट किया जाए। स्किन को हाइड्रेट करने के लिए इस टोनर की मदद लें।

### ■ फेस मिस्ट की लें मदद

एसी से होने वाले स्किन डैमेज को रोकने के लिए हाइड्रेटिंग मिस्ट की मदद लें। जिसे चेहरे पर लगाने से स्किन हाइड्रेटिंग बनी रहेगी। इस हाइड्रेटिंग फेस मिस्ट को बनाना बहुत आसान है और घर



पर भी आसानी से बन जाएगा। बस इन तीन चीजों की जरूरत होगी।

किसी स्प्रे बोतल में सूखी गुलाब की पत्तियों को डालें। साथ में ग्लिसरीन करीब बोतल में एक तिहाई हिस्सा भरें। बाकी बोतल को पानी से भरकर रख लें। अच्छी तरह से हिलाएं और मिक्स कर लें। इस फेस मिस्ट को दिनभर में तीन से चार बार आराम से फेस पर स्प्रे करें और छोड़ दें। ये स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करेगा।

### ■ रोज ग्लिसरीन फेस मिस्ट के फायदे

ग्लिसरीन स्किन में माइश्चर को पकड़ कर रखने का काम करते हैं। जिससे स्किन सॉफ्ट और स्मूद हो जाती है। वहीं गुलाब की पंखुड़ियां स्किन में पीएच लेवल को बैलेंस करती है और साथ ही पोर्स को टाइट करने का काम करती है। जिससे स्किन टाइट दिखती है और स्मूद होती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मेरी पत्नी दिलवा दो साहब, तीन बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग भाग गई महिला

**मैनपुरी.** कहते हैं मोहब्बत अच्छे-अच्छों को अंधा बना देती है। प्यार में इंसान घर-परिवार तो दूर दुनिया तक छोड़ देता है। ऐसा ही एक मामला यूपी के मैनपुरी से सामने आया है। यहां एक शादीशुदा महिला ने न अपने बच्चों की परवाह की और न ही पति की और प्रेमी से मिलना जुलना जारी रहा। कुछ दिन बाद दोनों ने भागने का प्लान बनाया और फरार हो गए। घर बच्चे मां के इंतजार में आंसू बहाने लगे। बच्चों को रोता देखकर पिता एसपी के पास पहुंचा और पत्नी को वापस लाने की गुहार लगाई। पीड़ित ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसकी पत्नी प्रेमी के साथ भाग गई है। अपने साथ घर में रखे एक लाख रुपये की नकदी और 3 लाख से अधिक के सोने, चांदी के आभूषण भी अपने साथ ले गई। अपनी मां के इंतजार में बच्चों का रो-रोकर हाल बुरा हो गया है।

### इंस्पेक्टर से बदसलूकी करना पड़ा भारी, एसपी के आदेश पर सस्पेंड हो गए दरोगा, जानें पूरा मामला

**कानपुर.** यूपी के कानपुर देहात के रूरा थाने में फरियादियों के सामने रविवार को इंस्पेक्टर से बदसलूकी करना दरोगा को भारी पड़ गया। मामले की शिकायत पर एसपी ने सीओ भोगनीपुर की जांच के आदेश दिया। मामला सही पाए जाने के बाद एसपी ने दरोगा को निलंबित कर दिया। ये मामला रूरा थाना क्षेत्र का है। भिखनापुर गांव में गोबर डालने की जगह को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष की शकुंतला, उनकी बेटी अनामिका व बेटा अंशुल और दूसरे पक्ष के श्याम, हर्षित और राम नारायण घायल हो गए थे। मामले में रूरा थाने में तैनात दरोगा राजेश कुमार एक पक्ष का बयान दर्ज कर रहे थे। इस पर इंस्पेक्टर रूरा एसएन सिंह ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा तो एसआई राजेश थाने में मौजूद तमाम फरियादियों के सामने इंस्पक्टर से बदसलूकी करने लगे। इतना ही नहीं वह हाथापाई तक पर उतर आए।

### लखनऊ में आज फिर गरजे बुलडोजर

**लखनऊ.** यूपी की राजधानी लखनऊ के अकबरपुर में सोमवार को एक बार फिर बुलडोजर गरज रहे हैं। कुकरैल नदी के किनारे अवैध रूप से बने घरों को ढहाया जा रहा है। यहां रहने वाले लोगों को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। इसके पहले कर्मशियल कब्जे पर ऐक्शन किया गया था। करीब 90 दिन बाद आज यहां दोबारा बुलडोजर ऐक्शन हो रहा है। सोमवार की सुबह-सुबह कई बुलडोजरों और पुलिस फोर्स के साथ लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) अधिकारियों की टीम अकबरपुर पहुंच गई। कार्रवाई लगातार जारी है। बताया जा रहा है बुलडोजर से सड़क किनारे के निर्माण गिराए जाने के बाद अंदर गलियों में अतिक्रमण मैनुअल गिराया जाएगा। इसमें काफी समय लग सकता है।

### कमरे में मिली महिला की लाश, पति फरार

**महाराजगंज.** महाराजगंज में महिला ने अपने पति के साथ डीजे पर डांस किया वह सुबह मृत पाई गई। महिला अपने मायके में मुंडन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। रविवार की सुबह पत्नी की लाश संदिग्ध परिस्थिति में कमरे में पड़ी थी। पति फरार है। मोबाइल भी स्वीच ऑफ है। विवाहिता के पिता ने दामाद पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मरजादपुर टोला सेवतरा निवासी गौतम प्रसाद की पुत्री गूंजा की शादी बीते वर्ष जनवरी 2023 में थाना नौतनवां के भूंडी निवासी रवि से हुई थी। गूंजा के मायके के पट्टीदारी में शादी थी और शनिवार को घर में मुंडन संस्कार था। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गूंजा पति रवि के साथ गई थी। शनिवार को मुंडन कार्यक्रम में पति-पत्नी भोजन के बाद दोनों ने डीजे पर डांस किया।

# PM मोदी ने किया विभागों का बंटवारा



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी नई मंत्रिपरिषद के साथियों के बीच कामकाज और उनके विभागों का बंटवारा कर दिया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का कद बढ़ाते हुए उन्हें दो भारी भरकम मंत्रालयों का जिम्मा सौंपा गया है। खट्टर को ऊर्जा और शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी कद बढ़ा दिया गया है। उन्हें ग्रामीण विकास मंत्रालय और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है।

सरकार में नंबर दो राजनाथ सिंह पहले की तरह ही फिर से रक्षा मंत्री बनाए गए हैं। इसके साथ ही नंबर तीन पर रहने वाले अमित शाह को फिर से गृह और सहकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन से सरकार में आए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी कद बढ़ा दिया गया है। उन्हें भी इस बार दो बड़े मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। उन्हें स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अलावा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भी दिया गया है। निर्मला सीतारमण को वित्त के अलावा कंपनी मामलों का भी मंत्री बनाया गया है, जबकि एस जयशंकर पहले की ही तरह विदेश मंत्रालय का जिम्मा संभालेंगे।

जिन अन्य मंत्रियों को दो-दो हैवी वेट विभाग दिए गए हैं, उनमें पिछली सरकार में रेल मंत्री रहे अश्विनी वैष्णव भी शामिल हैं। उन्हें इस बार तीन-तीन मंत्रालयों का जिम्मा सौंपा गया है। पहले की ही तरह वैष्णव रेल और आईटी मंत्रालय देखते रहेंगे। इस बार उन्हें सूचना-प्रसारण मंत्रालय का भी जिम्मा सौंपा गया है। बिहार में जेडीयू कोटे से मंत्री बने राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह को भी दो-दो मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। उन्हें पंचायती राज और पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्यपालन विभाग दिया गया है।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी को भी दो बड़े मंत्रालय दिए गए हैं। उन्हें इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय दिया गया है। हालांकि, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हम नेता जीतनराम मांझी को सिर्फ MSME मंत्रालय दिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वीरेंद्र कुमार को सामाजिक कल्याण और अधिकारिता मंत्रालय, ज्योतिरादित्य सिंधिया को दूरसंचार और पूर्वोत्तर विकास, गजेंद्र सिंह शेखावत को पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, प्रह्लाद जोशी को उपभोक्ता मंत्रालय और अक्षय ऊर्जा मंत्रालय, किरेन रिजिजू को अल्पसंख्यक और संसदीय कार्य मंत्रालय और मनसुख मांडविया को युवा एवं खेल मंत्रालय और श्रम मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। माना जा रहा है कि जिन नेताओं ने चुनावों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, उनका कद बढ़ाकर उन्हें इनाम दिया गया है। इसके अलावा कुछ मंत्रियों को पिछली सरकार में किए कामकाज का इनाम मिला है, जबकि आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए भी कुछ का कद बढ़ाया गया है।

**मोदी 3.0**
**कैबिनेट मंत्री और मंत्रालय**

| | कैबिनेट मंत्री | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1 | अमित शाह | गृह एवं सहकारिता |
| 2 | राजनाथ सिंह | रक्षा |
| 3 | नितिन गडकरी | सड़क परिवहन और हाइवे |
| 4 | जेपी नड्डा | स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक |
| 5 | शिवराज सिंह चौहान | कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास |
| 6 | निर्मला सीतारमण | वित्त और कॉर्पोरेट मामले |
| 7 | एस. जयशंकर | विदेश |
| 8 | मनोहर लाल खट्टर | आवास, शहरी मामले, ऊर्जा |
| 9 | एचडी कुमारस्वामी (JDS) | भारी उद्योग और इस्पात |
| 10 | पीयूष गोयल | कॉमर्स और इंडस्ट्री |
| 11 | धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा |
| 12 | जीतनराम मांझी (HAM) | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग |
| 13 | ललन सिंह (JDU) | पंचायती राज, फिशरीज, पशुपालन और डेयरी |
| 14 | सर्बानंद सोनोवाल | पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग |
| 15 | डॉ. वीरेंद्र खटीक | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| 16 | राम मोहन नायडू (TDP) | नागरिक उड्डयन |
| 17 | प्रह्लाद जोशी | उपभोक्ता मामले, खाद्य, PDS, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा |
| 18 | जुएल ओरांव | आदिवासी मामले |
| 19 | गिरिराज सिंह | कपड़ा |
| 20 | अश्विनी वैष्णव | रेल, सूचना-प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी |
| 21 | ज्योतिरादित्य सिंधिया | संचार, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास |
| 22 | भूपेंद्र यादव | पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन |
| 23 | गजेंद्र सिंह शेखावत | संस्कृति एवं पर्यटन |
| 24 | अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास |
| 25 | किरेन रिजिजू | संसदीय कार्य, अल्पसंख्यक मामले |
| 26 | हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस |
| 27 | मनसुख मांडविया | श्रम, रोजगार, युवा और खेल मामले |
| 28 | जी किशन रेड्डी | कोयला और खनन |
| 29 | चिराग पासवान LJP(R) | खाद्य प्रसंस्करण |
| 30 | सी. आर पाटिल | जल शक्ति |

**मोदी 3.0**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

| | राज्य मंत्री | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1 | राव इंद्रजीत सिंह | **स्वतंत्र प्रभार:** योजना, सांख्यकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन, संस्कृति |
| 2 | डॉ. जितेंद्र सिंह | **स्वतंत्र प्रभार:** विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान<br>**राज्यमंत्री:** प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, कर्मचारी, जन शिकायत, पेंशन |
| 3 | अर्जुन राम मेघवाल | **स्वतंत्र प्रभार:** कानून और न्याय<br>**राज्यमंत्री:** संसदीय कार्य |
| 4 | प्रतापराव जाधव (शिवसेना) | **स्वतंत्र प्रभार:** आयुष<br>**राज्यमंत्री:** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| 5 | जयंत चौधरी (RLD) | **स्वतंत्र प्रभार:** कौशल विकास और उद्यमिता<br>**राज्यमंत्री:** शिक्षा |

**राज्य मंत्री**

| | राज्य मंत्री | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1 | जितिन प्रसाद | वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी |
| 2 | श्रीपद येसो नाइक | उर्जा, रिनुएबल एनर्जी |
| 3 | पंकज चौधरी | वित्त |
| 4 | कृष्णपाल गुर्जर | सहकारिता |
| 5 | रामदास अठावले [RPI(A)] | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| 6 | रामनाथ ठाकुर (JDU) | कृषि एवं किसान कल्याण |
| 7 | नित्यानंद राय | गृह |
| 8 | अनुप्रिया पटेल [अपना दल(S)] | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक |
| 9 | वी सोमन्ना | जल शक्ति, रेलवे |
| 10 | पेम्मासानी चंद्रशेखर (TDP) | ग्रामीण विकास, संचार |
| 11 | एसपी सिंह बघेल | मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी, पंचायती राज |
| 12 | शोभा करांदलाजे | MSME, श्रम एवं रोजगार |
| 13 | कीर्तिवर्धन सिंह | पर्यावरण, विदेश |
| 14 | बी एल वर्मा | उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण |
| 15 | शांतनु ठाकुर | पोर्ट्स एंड शिपिंग |
| 16 | सुरेश गोपी | पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस, पर्यटन |
| 17 | एल मुरुगन | सूचना एवं प्रसारण, संसदीय कार्य |
| 18 | अजय टम्टा | सड़क परिवहन |
| 19 | बंदी संजय कुमार | गृह |
| 20 | कमलेश पासवान | ग्रामीण विकास |
| 21 | भगीरथ चौधरी | कृषि एवं किसान कल्याण |
| 22 | सतीश चंद्र दुबे | कोयला, खनन |
| 23 | संजय सेठ | रक्षा |
| 24 | नवनीत सिंह बिट्टू | खाद्य प्रसंस्करण एवं रेलवे |
| 25 | दुर्गादास उइके | जनजातीय |
| 26 | रक्षा खडसे | युवा एवं खेल |
| 27 | सुकांत मजूमदार | शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास |
| 28 | सावित्री ठाकुर | महिला एवं बाल कल्याण |
| 29 | तोखन साहू | आवास और शहरी मामले |
| 30 | राजभूषण चौधरी | जल शक्ति |
| 31 | भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा | भारी उद्योग एवं इस्पात |
| 32 | हर्ष मल्होत्रा | कॉर्पोरेट अफेयर्स, सड़क परिवहन |
| 33 | नीमूबेन बमभानिया | उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण |
| 34 | मुरलीधर मोहोल | सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन |
| 35 | जॉर्ज कुरियन | अल्पसंख्यक और फिशरीज, पशुपालन एवं डेयरी |
| 36 | पबित्रा मार्गरिटा | विदेश एवं कपड़ा |

# मोदी के 71 मंत्रियों की प्रोफाइल

- कैबिनेट में नड्डा की वापसी
- शिवराज-खट्टर पहली बार मंत्रिमंडल में
- चुनाव जीते बिना 14 मंत्री बने

**नई दिल्ली.** नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम 7 बजकर 15 मिनट पर लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। मोदी के साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मिनिस्टर और 5 स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री हैं।

अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी को फिर मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। शिवराज सिंह चौहान और मनोहर लाल खट्टर को पहली बार मोदी कैबिनेट में जगह मिली है। दोनों को बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। कैबिनेट में जेपी नड्डा की वापसी हुई है। 2014-19 तक वे हेल्थ मिनिस्टर थे। इसके बाद उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था।

वहीं, 12 ऐसे नेताओं को मंत्री बनाया गया है, जिन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। इसमें जेपी नड्डा, अश्विनी वैष्णव, एस. जयशंकर, निर्मला सीतारमण, हरदीप सिंह पुरी, जयंत चौधरी, रामदास आठवले, रामनाथ ठाकुर, बीएल वर्मा, सतीश चंद्र दुबे, पबित्रा मार्गरिटा और जॉर्ज कुरियन शामिल हैं। इसके अलावा हारे हुए दो नेताओं को भी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। तमिलनाडु की नीलगिरि से भाजपा कैंडिडेट एल. मुरुगन को राज्यमंत्री बनाया गया है। वे DMK के ए. राजा से 2.40 लाख वोट से हार गए थे। वहीं, लुधियाना से कांग्रेस कैंडिडेट अमरिंदर सिंह से हारने वाले रवनीत सिंह बिट्टू को भी मंत्री बनाया गया है।

जेडीएस सांसद एचडी कुमारस्वामी, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (HAM) के जीतनराम मांझी और जेडीयू के राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह) ने मंत्री पद की शपथ ली है। वहीं, सबसे कम उम्र के TDP सांसद राममोहन नायडू भी मंत्री बन गए हैं।

### सुरेश गोपी बोले- मेरे मंत्री पद छोड़ने की बात गलत

**नई दिल्ली.** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री बने सुरेश गोपी ने सोमवार को मंत्री पद छोड़ने वाली खबरों को गलत बताया है। सुरेश ने सोशल मीडिया X पर लिखा, 'कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म गलत खबर फैला रहे हैं कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने जा रहा हूं। यह पूरी तरह गलत है। मोदी जी के नेतृत्व में हम केरल के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।' दरअसल, एक मलयालम टीवी चैनल ने गोपी के हवाले से दावा किया था कि वे मंत्री नहीं बनना चाहते हैं और एक सांसद के रूप में काम करेंगे। एक्टर से राजनेता बने गोपी ने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद कहा था कि वे फिल्म इंडस्ट्री नहीं छोड़ेंगे .

# कश्मीर में वैष्णोदेवी जा रही बस पर आतंकी हमला

- 2 हमलावर सेना जैसी वर्दी में थे
- 25-30 गोलियां चलाईं
- बस खाई में गिरी, 10 मौतें



**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने श्रद्धालुओं को ले जा रही बस पर रविवार शाम सवा 6 बजे हमला किया। इसमें ड्राइवर और कंडक्टर समेत 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लोग घायल हो गए। दिल्ली में पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से एक घंटे पहले यह हमला हुआ।

रियासी की SSP मोहिता शर्मा के मुताबिक, आतंकियों ने कंदा इलाके में शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर ओपन फायर किया, जिसमें ड्राइवर घायल हुआ और उसका बस से कंट्रोल खो गया। इसके चलते 53 सीटर बस खाई में गिरी। चश्मदीदों के मुताबिक, घटनास्थल पर 2 आतंकी थे।

मोहिता शर्मा ने आगे कहा कि आतंकवादी हाईवे पर बस का इंतजार कर रहे थे। ऐसा लग रहा है कि उन्होंने इस बस को इसलिए निशाना बनाया है कि इसमें यात्री जम्मू-कश्मीर के बाहर के थे। माना जा रहा है कि इस घटना के पीछे पाक के आतंकी संगठन हैं।

घायल यात्री संतोष कुमार ने बताया कि आतंकियों ने सेना जैसी वर्दी पहनी थी। उन्होंने लाल कपड़े से मुंह बांध रखा था। बस जैसे ही मोड़ पर आई, अचानक गोलियां चलने लगीं। बस के खाई में गिरने से पहले आतंकियों ने 25 से 30 गोलियां चलाई थीं।

# चुनाव हारने वाले बन गए मंत्री, जीतकर भी कैबिनेट से बाहर

- हैरान कर रही मोदी सरकार में इन चेहरों की एंट्री



**नई दिल्ली.** लोकसभा चुनाव में एनडीए के बहुमत के बाद रविवार को नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्र पद की शपथ ले ली। उनके साथ ही 30 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली है। उनके अलावा मोदी सरकार 3.0 में 36 राज्य मंत्री और पांच मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा की तरह इस बार भी चौंका दिया है। दरअसल पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में ऐसे नेता को भी जगह मिली है जो अपनी सीट से चुनाव हार गया। वहीं हमीरपुर से बड़ी जीत दर्ज करने वाले और मोदी सरकार 2.0 में मंत्री रहे अनुराग ठाकुर को भी बाहर रखा गया है।

### मोदी 3.0 में किस बात ने किया हैरान

अनुराग ठाकुर मोदी सरकार 2.0 का एक बड़ा चेहरा था। उनके पास खेल मंत्रालय और सूचना प्रसारण मंत्रालय की जिम्मेदारी रह चुकी थी। 2019 में उन्हें राज्य मंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई थी। वहीं 2021 में उनका प्रमोशन किया गया और कैबिनेट मंत्री बना लिया गया। उन्हें सूचना प्रसारण मंत्रालय की जिम्मेदारी दे दी गई। एनडीटीवी की रिपोर्ट में बीजेपी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि जेपी नड्डा को कैबिनेट में लाने के लिए अनुराग ठाकुर को बाहर रखा गया है। जेप नड्डा भी हिमाचल प्रदेश के कोटे से मंत्री बने हैं। ऐसे में हिमाचल से दो कैबिनेट मंत्रियों को लेना मुश्किल था।

### चुनाव हारे पर मोदी मंत्रिमंडल में जगह

पंजाब की लुधियाना सीट से दो बार सांसद रह चुके रवनीत बिट्टू को भी इस बार मंत्रिपद की शपथ दिलाई गई है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले ही वह कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए थे। लुधियाना की सीट पर उन्हें अमरिंदर राजा वडिंग के सामने हार का सामना करना पड़ा। अब उन्हें छह महीने के अंदर राज्यसभा या फिर लोकसभा में जाना है। बिट्टू पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं। 1999में बेअंत सिंह की खालिस्तानी हमले में हत्या कर दी गई थी। जॉर्ज कुरियन ने भी मंत्री पद की शपथ ली है। वह केरल में बीजेपी के महासचिव हैं। वहीं वह किसी भी सदन में नहीं हैं। पेशे से वकील रहे कुरियन लगभग तीन दशक से बीजेपी में हैं। वह पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में कई पदों पर रह चुके हैं। इससे संकेत मिलता है कि बीजेपी अब दक्षिण में अपना जनमत बढ़ाना चाहती है और ईसाइयों में पकड़ मजबूत करना चाहती है।

### रविशंकर प्रसाद को नहीं मिली मंत्रिमंडल में जगह

लगभग दो दशक से सांसद और बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद को भी इस बार मंत्री पद की शपथ नहीं दिलाई गई है। इस बार भी उन्होंने बिहार की पटना साहिब सीट से जीत दर्ज की है। इसके अलावा पांच बार के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी को भी मंत्री पद नहीं मिला है। वह तीसरी बार सारन सीट से चुना जीते हैं। मोदी मंत्रिमंडल में बिहार से आठ मंत्री शामिल हुएहैं। लेकिन अटल सरकार से नरेंद्र मोदी सरकार तक में शामिल रहे दो नामों को जगह नहीं दी गई।

# सीमा हैदर के 4 बच्चों को वापस लाएं

## पाकिस्तान में उठने लगी मांग, विदेश मंत्रालय को लिखा पत्र



**नई दिल्ली.** उत्तर प्रदेश के नोएडा के रहने वाले युवक सचिन मीणा के प्यार में नेपाल से होते हुए हिन्दुस्तान आई सीमा हैदर का मसला अब पाकिस्तान में जोर पकड़ रहा है। भारत में पाकिस्तानी भाभी के नाम से मशहूर हो चुकी सीमा हैदर के 4 बच्चों को वापस लाने की मांग पाकिस्तान के राष्ट्रीय बाल कल्याण आयोग ने विदेश मंत्रालय से उठाई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि हमें सीमा हैदर के 4 बच्चों को वापस पाकिस्तान लेकर आना चाहिए, जो हिन्दुस्तान में फंसे हुए हैं। बता दें कि सीमा हैदर के पूर्व पति गुलाम हैदर ने भारत और पाकिस्तान दोनों सरकारों से गुहार लगाई थी कि वे उसके बच्चों को दिलाने में मदद करें। सीमा हैदर का कहना है कि उसने सचिन मीणा से शादी कर ली है और अब कभी भारत छोड़कर नहीं जाएगी।

# अमित मालवीय पर RSS से जुड़े शख्स ने लगाया यौन शोषण का आरोप

- अब 10 करोड़ का मुकदमा
- कांग्रेस भी कूदी



**नई दिल्ली.** केंद्र की सत्ताधारी भाजपा के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के एक कार्यकर्ता शांतनु सिन्हा ने महिलाओं का यौन शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। सिन्हा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए अमित मालवीय पर कई संगीन आरोप लगाए हैं। दूसरी तरफ अमित मालवीय ने अब शांतनु सिन्हा को 10 करोड़ रुपये की मानहानि का नोटिस भेजा है।

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस भी इन आरोपों पर आग बबूला हो उठी है और अमित मालवीय को पद से हटाने की मांग करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने अमित मालवीय पर निशाना साधते हुए पूछा है कि महिला आयोग ने अभी तक इस मामले का संज्ञान क्यों नहीं लिया है।

### शांतनु ने क्या लिखा था?

शांतनु सिन्हा ने दो दिन पहले बांग्ला में ट्वीट किया था, ₹क्या अमित मालवीय अभी भी कोलकाता के फाइव स्टार होटल में इंतजार कर रहे हैं कि कब बंगाल नेतृत्व सुंदर लड़कियों की आपूर्ति करेगा ?₹ उन्होंने आगे लिखा, क्या अब बंगाल नेतृत्व के बीच यह प्रतियोगिता बंद हो गई कि कौन कितनी सुंदरियों की आपूर्ति करके अध्यक्ष का पद हासिल करेगा ?₹ शांतनु ने अपने ट्वीट में लिखा कि अमित मालवीय ने न केवल पांच

### विवाद में कूदी कांग्रेस

अमित मालवीय पर लगे इन आरोपों पर अब कांग्रेस भी कूद पड़ी है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि बंगाल भाजपा के नेता राहुल सिन्हा के भाई और संघ के कार्यकर्ता के आरोप गंभीर हैं। श्रीनेत ने कहा, ₹...भाजपा नेता राहुल सिन्हा से संबंधित आरएसएस सदस्य शांतनु सिन्हा ने कहा है कि भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय नापाक गतिविधियों में लिप्त हैं। वे महिलाओं के यौन शोषण में लिप्त हैं। न केवल पांच-सितारा होटलों में बल्कि पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यालयों में भी ऐसी हरकत को अंजाम देते रहे हैं। हम भाजपा से केवल यही चाहते हैं कि महिलाओं के लिए न्याय हो।

# पटनायक के करीबी वीके पांडियन का सक्रिय राजनीति से संन्यास

## कहा- मेरे खिलाफ चलाए गए प्रचार अभियान ने BJD को हार दिलाई



**पुरी.** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री BJD चीफ नवीन पटनायक के करीबी और BJD नेता वीके पांडियन ने एक्टिव पॉलिटिक्स से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने रविवार को वीडियो जारी करते हुए संन्यास का ऐलान किया।

वीडियो में उन्होंने कहा, "... मैंने खुद को सक्रिय राजनीति से अलग करने का फैसला किया है। अगर मैंने इस यात्रा में किसी को ठेस पहुंचाई है तो मुझे खेद है। यदि मेरे खिलाफ चले अभियान के कारण BJD की हार हुई है तो मुझे खेद है।"

ओडिशा में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 78 सीटें जीतकर पांच बार के सीएम पटनायक को सत्ता से बाहर किया है। बीजेडी को केवल 51 सीटें मिली हैं।

पार्टी की हार की वजह पांडियन को बताया जा रहा था। पार्टी में उनके दबदबे की चलते स्थानीय नेता नाराज चल रहे थे। सीनियर लीडर्स भी पांडियन को लेकर खुश नहीं थे। वहीं, पांडियन को पटनायक का उत्तराधिकारी भी कहा जा रहा था।

तमिलनाडु में जन्मे वीके पांडियन को भाजपा ओडिशा की राजनीति में 'बाहरी' कहती रही है। पांडियन ने दिल्ली में अपनी पढ़ाई की थी। उन्होंने पंजाब कैडर के IAS अधिकारी के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। बाद में उड़िया महिला से शादी करने के बाद ओडिशा कैडर में ट्रांसफर ले लिया था।

# ऋषभ पंत को मिला बेस्ट फील्डर का मेडल

## रवि शास्त्री ने की घोषणा, कहा- पंत का कमबैक उनकी मेहनत को दर्शाता है

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के मैच में शानदार विकेट कीपिंग करने वाले ऋषभ पंत को बेस्ट फील्डर का मेडल दिया गया। यह मेडल भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने उन्हें पहनाया। इस दौरान उन्होंने टीम के ओवरऑल प्रदर्शन और ऋषभ पंत के कम बैक की प्रशंसा की। आयरलैंड के खिलाफ हुए पिछले मैच में अर्शदीप सिंह को यह मेडल मिला था।

दरअसल, न्यूयॉर्क के नसाउ स्टेडियम में हुए भारत-पाकिस्तान मैच में भारत ने दो विकेट जल्दी खो दिए। इसके बाद मैदान पर उतरे ऋषभ पंत ने 31 गेंदो में 42 रन की पारी खेलकर टीम को 119 के सम्मान जनक स्कोर तक पहुंचाया। दूसरी इनिंग में ऋषभ ने लाजवाब फील्डिंग की उन्होंने फखर जमान, इमाद वसीम और शादाब खान के कैच लपके। इस परफॉर्मेंस के चलते उन्हें बेस्ट फील्डर का मेडल मिला।

### यह पंत की मेहनत ही है जिसकी वजह से वे वापसी कर सके- शास्त्री



मेडल देने के बाद रवि शास्त्री ने कहा- जब मैंने ऋषभ के एक्सीडेंट के बारे में सुना था, तो मेरे आंखों में आंसू थे। हॉस्पिटल में जब मैंने उसे देखा तो हालात बहुत खराब था। यह उनकी मेहनत ही है जिसकी वजह से वे वापसी कर सके और भारत-पाक जैसे बड़े मुकाबले में शानदार गेम दिखा सके। ऋषभ की बेहतरीन बल्लेबाजी की काबिलियत के बारे में सब जानते हैं। लेकिन, जिस तरह से विकेटकीपिंग और फील्डिंग किया वो ऋषभ की मेहनत को दर्शाता है।

### सबसे छोटा टोटल डिफेंड कर जीता भारत

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक के हाइवोलटेज मुकाबले में भारत ने आपना सबसे छोटा डिफेंड किया। टीम ने पहले खेलते हुए 120 रन का टारगेट दिया। जवाब में जस्प्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन ही बना सकी और भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप का अपना दूसरा मैच 6 रन से जीता।

## PUBLIC NOTICE

This is to inform to the general public that my client **Mr. Manoj Kumar S/o. Ram Gopal** intends to purchase property mentioned in the schedule herein below from **Mr. Santosh Chandumal Kukreja.**

**SCHEDULE OF PROPERTY**

All that piece and parcel of property known as Shop No.2, on Ground Floor, in Parmeshwar Apartment, Block No.A-10, Room No.60, C-Block, Ulhasnagar-421001, Dist. Thane (M.S.), assessed under Ward No.9, New Property No.09AI017976000, hereinafter called the "Said Property".

That if any person/s, authority/ies has/have any kind of right, interest, share or any nature of claim over the above said property then same may be written / submitted to under-signed along with documentary evidence within Fifteen Days from the date of publication of this notice and thereafter all objections shall be treated as null and void and my client shall be at liberty to finalize the said deal by executing necessary documents.

Sd/-
**B. R. Singh**
Advocate High Court
Sai Sangam Apt., Flat No.304,
3rd Floor, Behind Cablewala,
Shantinagar, Ulhasnagar-421003

संक्षेप...

## ठाणे में सड़क दुर्घटना में 5 वाहन भिड़े, कोई घायल नहीं

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में घोडबंदर रोड पर एक दुर्घटना में 5 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि एक व्यस्त सड़क पर आनंद सिग्नल के समीप हुई दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

ठाणे महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि दुर्घटना में दो ट्रक, एक कार, एक ऑटोरिक्शा और एक दुपहिया वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि दुर्घटना कैसे हुई। कासारवडवली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महाराष्ट्र में होने वाला है कैबिनेट विस्तार!

- अजित पवार का बढ़ेगा कद!
- किस पर गिरेगी गाज?



**मुंबई.** नरेंद्र मोदी ने कल तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली है. नरेंद्र मोदी के साथ-साथ महाराष्ट्र के कई मंत्रियों ने भी मंत्री पद की शपथ ली. मोदी सरकार 3.0 में एकनाथ शिंदे गुट के एक सांसद को शामिल किया गया है, जबकि एनसीपी अजित पवार गुट के एक भी नेता को कैबिनेट में जगह नहीं मिली.

इस बात को लेकर अजित पवार ने नाराजगी भी जताई है. अजित पवार गुट की मांग थी कि उसे कैबिनेट पद दिया जाए जबकि उसे राज्य मंत्री पद का ऑफर दिया था. महाराष्ट्र लोकसभा चुनाव में नुकसान के बाद अजित पवार ने एक बैठक की थी. उनकी मांग थी कि नेताओं की नाराजगी को दूर करने के लिए राज्य में कैबिनेट विस्तार होना चाहिए.

केंद्र में एनडीए के मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद अब महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आई है. खबर है कि महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार होगा. महाराष्ट्र विधानमंडल का मानसून सत्र 27 जून से शुरू होगा. खबर है कि राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार मानसून सत्र से पहले किया जाएगा.

अजित पवार 2 जुलाई 2023 को शिंदे-फडणवीस सरकार में शामिल हुए थे. उस वक्त हुए कैबिनेट विस्तार में अजित गुट के नेताओं को बड़ा मौका मिला. इसके बाद चर्चा थी कि एक और छोटा कैबिनेट विस्तार होगा. हालांकि, साल भर बीत जाने के बावजूद कैबिनेट का विस्तार नहीं हो सका है. इसी पृष्ठभूमि में विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक अगले एक से दो सप्ताह में कैबिनेट का विस्तार हो जाएगा.

रविवार को दिल्ली में एनडीए सरकार के 72 मंत्रियों ने शपथ ली. हालांकि, इसमें शिंदे गुट को सिर्फ एक राज्य मंत्री पद मिला और अजित गुट को एक भी मंत्री पद नहीं मिला. राजनीतिक हलके की नजर अब इस बात पर है कि राज्य में होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार में इसकी भरपाई होगी या नहीं.

महायुति सरकार में शिंदे गुट और अजित गुट लगातार कैबिनेट विस्तार की मांग कर रहे थे. लोकसभा चुनाव में महायुति को झटका लगने के बाद अजित पवार ने इससे बने नकारात्मक माहौल को दूर करने के लिए 15 दिनों के भीतर कैबिनेट विस्तार की मांग की थी. इन सबके बीच मानसून सत्र से पहले गठबंधन सरकार का कैबिनेट विस्तार होगा. इस फेरबदल के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले मंत्रियों पर गाज गिरेगी.

संभावना है कि बीजेपी मंत्रिमंडल में युवा चेहरों को मौका देगी. इस समय सबकी नजर इस पर है कि शिंदे गुट और अजित गुट से किन विधायकों को मंत्री बनने का मौका दिया जाएगा. इसके अलावा पिछले दो साल से रुकी हुई निगम की नियुक्तियां भी इस समय की जाएंगी. ताकि विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं में उत्साह बना रहे.

# बरसात के मौसम में जिला प्रशासन सतर्क रहें



- बरसात के पानी को निकालने के लिए पंप की व्यवस्था करें -पालकमंत्री

**ठाणे.** पालकमंत्री शंभुराज देसाई ने बरसात को देखते हुए आज जिलें सभी संबंधित अधिकारियों से ऑनलाइन बातचीत कर सभी यंत्रणाओं से सुसज्जित रहने के लिए निर्देश दिया। राज्य उत्पादन शुल्क व पालकमंत्री देसाई की अध्यक्षता में जिलें के आला अधिकारियों के साथ ऑनलाइन के माध्यम से बैठक किया गया जिसमें जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, जिला आपत्ती व्यवस्थापन प्राधिकरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा निवासी उपजिलाधिकारी सुदाम परदेशी, तहसीलदार संजय भोसले,जिला आपत्ती व्यवस्थापन अधिकारी डॉ. अनिता जवंजाल,मनपा आयुक्त सौरभ राव, नवी मुंबई महापालिका आयुक्त कैलास शिंदे,जिला ग्रामीण पुलीस अधीक्षक डी. एस. स्वामी,जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मीरा भाईंदर, उल्हासनगर, भिवंडी, कल्याण डोंबिवली के मनपा आयुक्त, अंबरनाथ व बदलापूर नगरपरिषद मुख्याधिकारी, सभी उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, ठाणे व नवी मुंबई पोलीस आयुक्त, रेलवे, स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक बांधकाम, एसटी महामंडल, पशुसंवर्धन, कृषी, जलसंपदा आदि विभाग के अधिकारी ऑनलाईन उपस्थित थे।

### पालकमंत्री ने बीमारियों से बचाव के लिए दवा के स्टॉक रखने के लिए कहा

पालकमंत्री देसाई ने कहा कि बरसात की शुरुआत हो गई है।इसलिए शहरी व ग्रामीण इलाकों में पानी के निकासी व आपत्तिजनक स्थिति से बचने के लिए पंप की व्यवस्था करें और नालों व गटरों के कचरों के साफ सफाई जल्द से जल्द किया जाय।साथ ही उन्होंने ने सख्त चेतावनी दी कि बरसात में नागरिकों को परेशानी नहीं होना चाहिए।इसके साथ ही धोकादायक इमारतों से रहिवासियों को निवारा केंद्र में व्यवस्था करें।इस बैठक में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे ने कहा कि जिला किसी भी परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार है।

# 'नीतीश और चंद्रबाबू नायडू का समर्थन नहीं मिलता तो...'

- मोदी सरकार पर शरद पवार का हमला
- बिहार और आंध्र प्रदेश के कारण ही मोदी सरकार को बहुमत मिला

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि बिहार और आंध्र प्रदेश के कारण ही मोदी सरकार को बहुमत मिला है। पवार ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के लिए 543 सदस्यीय लोकसभा में 272 का बहुमत का आंकड़ा हासिल करना मुश्किल होता। लेकिन, NDA को नीतीश कुमार (JDU) और एन चंद्रबाबू नायडू (TDP) और अन्य सहयोगियों का समर्थन मिला जिसके कारण मोदी की सरकार बन पाई।

इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए पवार ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से तैयार रहने की सलाह दी है। साथ ही दावा किया कि चुनावों के बाद राज्य की सत्ता उनके हाथों में होगी।



### सत्ता एक या दो लोगों के हाथ में जाने से बच गई

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अगर उन्हें जेडी (यू) और तेलुगु देशम पार्टी और आंध्र प्रदेश में अन्य सहयोगियों का समर्थन नहीं मिलता, तो उनके लिए बहुमत का आंकड़ा हासिल करना मुश्किल होता। उन्होंने दावा किया कि पिछले पांच वर्षों में केवल एक या दो लोगों ने अपनी मर्जी से सरकार चलाई और उन्होंने देश के बारे में व्यापक परिप्रेक्ष्य में नहीं सोचा तथा सत्ता के केंद्रीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लेकिन सौभाग्य से देश की जनता ने भविष्य की स्थिति को भांपते हुए इस तरह से मतदान किया कि सत्ता एक या दो लोगों के हाथ में जाने से बच गई।

हालांकि, भाजपा हाल के लोकसभा चुनावों में अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं कर सकी, लेकिन पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 543 में से 293 सीटें हासिल कीं। पवार ने कहा कि देश एक अलग स्थिति से गुजर रहा है। पवार ने कहा कि चुनाव नतीजों को देखते हुए, लोगों का जनादेश उनकी सुविधा के मुताबिक नहीं है। पांच साल पहले उन्होंने जितनी सीटें जीती थीं, उसकी तुलना में इस बार उनकी संख्या कम हो गई है। संसद में उनकी ताकत और बहुमत कम हो गया है।


## PUBLIC NOTICE

This is to inform to the general public that my clients (1) Mr. Mukesh Balumal Tanna and (2) Mr. Ashok Balumal Tanna intends to purchase property mentioned in the schedule herein below from Mrs. Hema Lakhmichand Kundal.

**SCHEDULE OF PROPERTY**

All that piece and parcel of property known as **Shed / Gala consisting of Ground plus First Floor (Load Bearing) constructed on land bearing U.No.32, Sheet No.26, area adm. 66 Sq.Yards, situated Near Old Dalda Depot, Main Road, Ulhasnagar-421003, Dist. Thane, assessed under Ward No.27, New Property No.27BI004668900,** hereinafter called the "Said Property".

That if any person/s, authority/ies has/have any kind of right, interest, share or any nature of claim over the above said property then same may be written / submitted to undersigned along with documentary evidence within Fifteen Days from the date of publication of this notice and thereafter all objections shall be treated as null and void and my client shall be at liberty to finalize the said deal by executing necessary documents.

Sd/-
**B. R. Singh**
Advocate High Court
Sai Sangam Apt., Flat No.304,
3rd Floor, Behind Cablewala,


# ठाणे जिला एकीकृत खेल महासंघ के अध्यक्ष बने जगन्नाथ अप्पा शिंदे

- संगठन के सभी पदाधिकारियों ने एकमत से लिया निर्णय



**कल्याण.** ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं एनसीपी के पूर्व विधायक जगन्नाथ (अप्पा) शिंदे को ठाणे जिला एकीकृत खेल महासंघ के अध्यक्ष पद पर चुना गया है। रविवार 9 जून को कल्याण में आयोजित एकीकृत खेल महासंघ की बैठक में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, आत्या-पाटया, वालीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, टेनिस, हैंडबॉल, जूडो, फुटबॉल, मुक्केबाजी, जिम्नास्टिक, रोलबॉल, कुश्ती, क्रिकेट, तलवारबाजी, सॉफ्टबॉल, राइफल शूटिंग, कैरम, लंगड़ी, ताइक्वांडो आदि विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। सभी ने एकमत से अप्पा शिंदे को ठाणे जिला एकीकृत खेल महासंघ का अध्यक्ष चुना गया। बतादें कि एकीकृत खेल महासंघ जिले में उक्त सभी खेलों को बढ़ावा देने वाली संयुक्त संगठन है, जो खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाने का अवसर प्रदान करती है। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष अप्पा शिंदे के अलावा राइफल असोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम पाटील, तीरंदाजी संघ के लक्ष्मण इंगले, रोलबॉल असोसिएशन के अध्यक्ष प्रताप पगार, कबड्डी असोसिएशन के अध्यक्ष मालोजी भोसले, जूडो असोसिएशन की अध्यक्षा लीना मैथ्यू, कुश्ती संगठन के सचिव सुभाष ढोणे, ताइक्वांडो संगठन के सचिव अविनाश ओंबासे आदि पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष अप्पा शिंदे ने खिलाड़ियों के विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि भारत की जनसंख्या दुनिया में पहले क्रमांक पर पहुंच गई है। चीन की जनसंख्या और ओलंपिक में जीते गए मेडल पर गौर किया जाए तो चीन की तुलना में हम पीछे क्यों है? इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हमारे देश में राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी है। शिंदे ने आगे कहा कि ठाणे जिला संयुक्त खेल महासंघ के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में ओलंपिक पदक विजेता तैयार किए जाने चाहिए। खेल में राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## ठाणे में 10 फीसदी पानी कटौती

**ठाणे.** बीएमसी ने पानी के स्टॉक का लंबे समय तक उपयोग करने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर पानी की आपूर्ति में 10 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया है। इसके चलते ठाणे शहर के कुछ इलाकों में 10 प्रतिशत पानी की कटौती लागू की गई है, जिन्हें बीएमसी से पानी की आपूर्ति की जाती है। ठाणे मनपा क्षेत्र को बीएमसी जल स्त्रोतों से 85 एमएलडी पानी मिलता है। यह पानी महानगरपालिका सीमा के इस जलाशय से नौपाड़ा, पचपाखड़ी, हजूरी, लुइसवाड़ी, रघुनाथ नगर, नामदेव वाडी, साईनाथ नगर, रामचंद्र नगर 1, किसान नगर नंबर 1, किसान नगर नंबर 2, शिवाजी नगर, पड़वल नगर, जनता झोपड़पट्टी, शिवशक्ति नगर, करवालो नगर में आपूर्ति की जाती है। , अंबिका नगर, ज्ञानेश्वर नगर, जय भवानी नगर, काजुवाड़ी, जीजामाता नगर, बालकुम पाड़ा नंबर 1, लक्ष्मी नगर, अंबेडकर नगर, मनपाड़ा (नलपाड़ा), कोपरी धोबीघाट, गावदेवी (लुईसवाड़ी) वाटर टैंक, टेकड़ी बंगला वाटर टैंक, भटवाड़ी, इंदिरा नगर, आनंद नगर, गांधी नगर, कोपरी कन्हैया नगर। अब इस क्षेत्र में 10 प्रतिशत पानी की कटौती लागू की गई है।

# उल्हासनगर में 117 निरंकारी भक्तों ने किया उत्स्फूर्त रक्तदान



**उल्हासनगर.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निरंकारी मिशन की समाजकल्याण शाखा संत निरंकारी चॅरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में संत निरंकारी सत्संग भवन, गोल मैदान, उल्हासनगर में आयोजित भव्य रक्तदान शिविर में 117 निरंकारी भक्तो ने बड़े उत्स्फूर्त भाव से रक्तदान किया। उनमें 68 पुरुष एवं 49 महिलाऑ का समावेश था। सिव्हिल हॉस्पिटल रकटपेढी उल्हासनगर और संत निरंकारी रकटपेढी विलेपार्ले द्वारा रक्त संकलित किया गया।

उल्लेखनीय है कि सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की मानव सेवा ही ईश्वर पुजा की दिव्य सिखलाई को अपनाते हुए निरंकारी मिशन लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन करते हुए मानवता की सेवामें अपना योगदान दे रहा है।

संत निरंकारी मंडल के डोंबिवली क्षेत्र के प्रभारी श्री रावसाहेब हसबे ने इस शिविर में उपस्थित रहकर रक्त दाताओं का उत्साह बढ़ाया। मंडलके उल्हासनगर विभाग के सेक्टर संयोजक श्री किशन नेनवानी ने स्थानीय सेवादल युनिट एवं संत निरंकारी चॅरिटेबल फाउंडेशन के स्वयंसेवको के सहयोग से इस शिविर का सफल आयोजन किया।

# 23 जून को इकबाल से शादी करेंगी सोनाक्षी

- शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट में होगा सेलिब्रेशन
- फैमिली मेंबर्स और क्लोज फ्रेंड ही होंगे शामिल



सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को मुंबई में बॉलीवुड एक्टर जहीर इकबाल से शादी करने जा रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस शादी में कपल के फैमिली मेंबर्स और क्लोज फ्रें ही शामिल होंगे। इसके अलावा सोनाक्षी की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'हीरामंडी' की स्टारकास्ट भी इस शादी पर इनवाइट की जाएगी। हालांकि, इस खबर पर अब तक दोनों की तरफ से कोई कन्फर्मेशन नहीं मिला है।

### मैगजीन कवर की तरह डिजाइन होगा वेडिंग इन्विटेशन

सूत्रों की मानें तो सोनाक्षी का वेडिंग इन्विटेशन मैगजीन कवर की तरह डिजाइन किया जाएगा। इस पर लिखा होगा- 'अफवाहें सच हैं..।' शादी में शामिल होने वाली सभी गेस्ट से फॉर्मल्स में आने की रिक्वेस्ट की गई है। यह सेलिब्रेशन मुंबई के फेमस रेस्त्रां बेस्टियन में हो सकता है।

मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित इस रेस्त्रां की मालकिन शिल्पा शेट्टी हैं। इस रेस्त्रां में जान्हवी कपूर, अनन्या पांडे, सोनम कपूर और करण जौहर जैसे ए लिस्टर सेलेब्स अक्सर विजिट करते हैं। यहां की फिश और लॉब्स्टर रोल बहुत फेमस हैं।

# अनधिकृत माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश न लें

## शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ललिता दाहितुले ने की अपील

**ठाणे.** ठाणे जिले में कुल 24 माध्यमिक विद्यालय अनधिकृत रूप से चल रहे थे, जिनमें से 23 विद्यालय बंद हो चुके हैं. वर्तमान में 01 विद्यालय अनधिकृत रूप से चल रहा है। इस अनाधिकृत विद्यालय के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ललिता दहितुले ने अगले शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए इस अनधिकृत स्कूल में प्रवेश न लेने की अपील की है.

शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ललिता दाहितुले ने कहा है कि ठाणे जिले में अनधिकृत स्कूलों की सूची प्रकाशित करने के पीछे उद्देश्य यह है कि माता-पिता अपने बच्चों को माध्यमिक विद्यालय में नामांकन कराते समय अनधिकृत स्कूलों में दाखिला न दिलाएं। अधिक जानकारी प्राप्त करने के बाद ही माता-पिता को अपने बच्चे के स्कूल में प्रवेश का निर्णय लेना चाहिए.

**उन विद्यालयों की सूची जिन्होंने जिले में अनधिकृत माध्यमिक विद्यालयों को बंद करने के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया है**

1. स्टार इंग्लिश हाई स्कूल, दिवा, ठाणे नगर क्षेत्र,
2. डिवाइन ग्रेस हाई स्कूल, वज्रेश्वरी ता. भिवंडी जिला ठाणे,
3. आरएन इंग्लिश स्कूल कोन गांव भिवंडी ठाणे,
4. फरान इंग्लिश मीडियम स्कूल, गौरीपाड़ा, भिवंडी जिला ठाणे।
5. आरंभ इंग्लिश स्कूल श्री गणेश नगर चाल, गणेश मंदिर के पीछे दिवा-अगासन रोड, दिवा पूर्व.
6. न्यू गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल श्लोकनगर दातिवली रोड दिवा ईस्ट 400602.
7. ग्रीन वैली कॉन्वेंट स्कूल, शिवसार्थ अपार्टमेंट, सदगुर नगर, दिवा अगासन दिवा जिला ठाणे.
8. एस. एस. इंग्लिश स्कूल बाबूराव रेजीडेंसी हनुमान मंदिर दिवा के पास.
9. आरएलपी हाई स्कूल शिवम अपार्ट मुंब्रादेवी कॉलोनी दिवा.
10. आदर्श गुरुकुल स्कूल नियर जिवाला हॉल दिवा इंग्लिश,
11. आदर्श गुरुकुल स्कूल, वैभव ढाबा के सामने, दिवा शील रोड, दिवा पूर्व (मीडियम मराठी)
12. आदर्श गुरुकुल स्कूल, वैभव ढाबा के सामने, दिवा शील रोड, दिवा (प्री-मीडियम इंग्लिश)
13. एसआरपी इंग्लिश स्कूल वक्रतुंडनगर दिवा,
14. ओमसाई इंग्लिश स्कूल, दतिवली रोड दिवा जिला ठाणे,
15. श्री. विद्याज्योति इंग्लिश स्कूल, नारायण कॉम्प्लेक्स मुंब्रादेवी कॉलोनी रोड मुंब्रा जिला ठाणे,
16. सिम्बायोसिस स्कूल, सुंदरबन नगर, दतिवली रोड दिवा,
17. कैम्ब्रिज इंग्लिश स्कूल, मानसी कॉम्प्लेक्स भोलेनाथ मुंब्रादेवी कॉलोनी रोड मुंब्रा जिला ठाणे,
18. पब्लिक इंग्लिश स्कूल, गणेशपाड़ा दतिवली दिवा,
19. आर्य गुरुकुल इंग्लिश स्कूल दतिवली रोड दिवा,
20. श्रीराम कृष्णा इंग्लिश स्कूल, दिवा दतिवली रोड दिवा,
21. स्मार्ट एजुकेशन इंग्लिश स्कू मुंब्रा,
22. जे डी इंग्लिश स्कूल चरण 2 श्लोक नगर मुंब्रा जिला ठाणे,
23. भारत इंग्लिश स्कूल गुरु कृपा अपार्ट सिद्धिविनायक नगर दिवा

**जिले में अनाधिकृत मध्य विद्यालय**

1. अल मुनिहाज सेकेंडरी हाई स्कूल, बेलापुर, नवी मुंबई

# तलोजा जेल ले जाते समय फरार हुआ कैदी गिरफ्तार

**खारघर.** तलोजा सेंट्रल जेल की सुरक्षा से 28 वर्षीय कैदी फरार हो गया. इस संबंध में खारघर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। खारघर पुलिस ने गहन जांच की और भगोड़े मुजाहिद गुलज़ार खान को खारघर हाइड पार्क सोसाइटी के सामने सेक्टर 35 जी से गिरफ्तार कर लिया। खारघर पुलिस इस संबंध में आगे की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पुणे की शिरूर पुलिस ने मुजाहिद गुलजार खान सहित 3 लोगों को हिरासत में लिया था। तीनों खोपोली पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से ही जेल में बंद थे। तीनों आरोपियों को एक केस की जांच के सिलसिले में जेल से लाया गया था लेकिन तलोजा जेल वापस ले जाते समय आरोपी पुलिस हिरासत से भाग गया।


## आम सूचना

मैं श्री बंटी फतूमल काररा सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 246, रुम नं. 2 के पीछे, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 17एआय015982600) उक्त प्रॉपर्टी श्री श्रीचंद थांवरदास काररा व श्री शिवकुमार थांवरदास कारिरा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 3.6.2024 सी.नं. 1119 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री बंटी फतूमल काररा**



उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099